Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 04 April 2024

Dainik Jagran Page - 02

नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आज से

गोवि की कुलपति ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ की तैयारियों की समीक्षा

- प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए केंद्रीयकृत परीक्षा की बाध्यता खत्म
- 11 मई तक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए कर सकेंगे आवेदन

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में नए सत्र में प्रवेश के लिए फार्म चार अप्रैल को शाम चार बजे से भरे जाएंगे। उसके बाद अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 11 मई तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसी के साथ प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए केंद्रीयकृत परीक्षा में हिस्सा लेने की बाध्यता भी खत्म हो गई है।

यह अहम निर्णय कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक भवन स्थित कमेटी हाल में महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक लिए गए। बैठक के दौरान कुलपति ने सत्र 2024-25 के लिए होने वाले प्रवेश की तैयारियों की लेकर समीक्षा की। इस दौरान कई अहम निर्णय लिए गए।

कुलपति ने बताया कि अगले सत्र में प्रवेश के लिए फॉर्म 4 अप्रैल को शाम 4 बजे लांच कर दिया जाएगा। उसके बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 11 मई तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा और केंद्रीयकृत काउंसलिंग पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

कुलपति ने बताया कि केंद्रीयकृत परीक्षा के अन्तर्गत बीबीए, एमबीए, बीसीए, बीएससी गृह विज्ञान, बीएससी एजी, एमएससी एजी, बीए एलएलबी, डीएलएड आदि कोर्स में कालेजों में भी प्रवेश के लिए अनिवार्य रूप से केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा का निर्णय लिया गया था। अब इन विषयों में प्रवेश के लिए कालेजों को छूट दे दी गई है। जो कालेज चाहें, वे खुद प्रवेश ले सकते हैं या विश्वविद्यालय के केंद्रीयकृत परीक्षा के अंतर्गत तहत बीबीए, एमबीए, बीसीए, बीएससी गृह विज्ञान, बीएससी एजी, एमएससी एजी, बीए एलएलबी, डीएलएड आदि कोर्स में कालेजों में एमएससी एजी, बीए एलएलबी, डीएलएड आदि कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। कुलपति ने उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करेगा। आनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे विषय कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की वरीयता भी चुन सकेंगे। इससे कालेजों को भी फायदा होगा। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी व प्रो. विजय चहल आदि मौजूद रहे।

विज्ञप्ति

कालेज ऐसे करें केंद्रीयकृत प्रवेश में प्रतिभाग

कुलपति ने बताया कि कालेज स्वेच्छा से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। शामिल होने के लिए नियमित दो कोर्स के लिए 40 हजार रुपये, उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 20 हजार रुपये जमा करने होंगे। प्रोफेशनल कोर्सेज के दो पाठ्यक्रमों के लिए 1 लाख और उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 50 हजार रुपये शुल्क जमा करना होगा। कालेज 10 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

यह और अन्य खबरें देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

छात्रावास में होली मिलन में खूब उड़े रंग-गुलाल

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच खूब रंग-गुलाल उड़े। इस दौरान छात्रावासियों ने शिक्षकों को होली की बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. पूनम टंडन द्वारा दीप जलाकर किया। सर्वप्रथम कृष्ण वंदना हुई। इसके बाद प्रो.टंडन का स्वागत वार्डन प्रो.उषा सिंह द्वारा किया गया. समारोह ग्रुप डांस विनीता ग्रुप, वीना ग्रुप एवं सोनल ग्रुप तथा ड्रामा हर्षिता ग्रुप, सोलो डांस सौम्या तिवारी हास्य व्यंग हर्षिता ग्रुप, फगुआ गीत कीर्ति मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डा.वंदना सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व डीन कला संकाय प्रो. नंदिता, प्रो. सुषमा पांडेय, प्रो. सुनीता मुर्मू, प्रो. दिव्या रानी सिंह, प्रो. उमा श्रीवास्तव एवं सुपरिटेंडेंट डा.वंदना सिंह और डा.जूली श्रीवास्तव आदि रहे।

Hindustan Page - 05

प्राचार्यों के साथ कुलपति ने की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

नए सत्र के लिए आज से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

डीडीयू

- प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए केंद्रीयकृत परीक्षा में हिस्सा लेने की बाध्यता की गई खत्म
- अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन करना होगा आवेदन, ऑनलाइन काउंसलिंग भी

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक भवन के कमेटी हॉल में महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक हुई। कुलपति ने सत्र 2024-25 के लिए होने वाले प्रवेश की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान कई अहम निर्णय लिए गए।

कुलपति ने बताया कि अगले सत्र में प्रवेश के लिए फॉर्म 4 अप्रैल को शाम 4 बजे लांच कर दिया जाएगा। उसके बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 11 मई तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा और केंद्रीयकृत काउंसलिंग पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

कुलपति ने बताया कि केंद्रीयकृत परीक्षा के अन्तर्गत बीबीए, एमबीए, बीसीए, बीएससी गृह विज्ञान, बीएससी एजी, एमएससी एजी, बीए एलएलबी, डीएलएड आदि कोर्स में कॉलेजों में भी प्रवेश के लिए अनिवार्य रूप से केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा का निर्णय लिया गया था। अब इन विषयों में प्रवेश के लिए कॉलेजों को छूट दे दी गई है। जो कॉलेज चाहें, वे खुद प्रवेश ले सकते हैं या विश्वविद्यालय के केंद्रीयकृत परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उनसे एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करेगा। आनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे विषय कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की वरीयता भी चुन सकेंगे। इससे कॉलेजों को भी फायदा होगा। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी व प्रो. विजय चहल आदि मौजूद रहे।

कॉलेज ऐसे करें केंद्रीयकृत प्रवेश में प्रतिभाग

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि जो कॉलेज स्वेच्छा से चाहें वे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। शामिल होने के लिए नियमित दो कोर्स के लिए 40 हजार रुपये, उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 20 हजार रुपये जमा करने होंगे। प्रोफेशनल कोर्सेज के दो पाठ्यक्रमों के लिए 1 लाख और उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 50 हजार रुपये शुल्क जमा करना होगा। कॉलेज 10 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर वार्डन प्रो. उषा सिंह, प्रो. नंदिता सिंह, प्रो. सुषमा पांडेय, प्रो. सुनीता मुर्मू, प्रो. दिव्या रानी सिंह, प्रो. उमा श्रीवास्तव, अधीक्षक डॉ वंदन सिंह और जूली श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

Amar Ujala Page - 05

नए सत्र के लिए आज से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

गोरखपुर विश्वविद्यालय : महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ कुलपति ने की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक भवन के कमेटी हॉल में महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक हुई। कुलपति ने सत्र 2024-25 के लिए होने वाले प्रवेश की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान कई अहम निर्णय लिए गए।

कुलपति ने बताया कि अगले सत्र में प्रवेश के लिए फॉर्म 4 अप्रैल को शाम 4 बजे लांच कर दिया जाएगा। उसके बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 11 मई तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा और केंद्रीयकृत काउंसलिंग पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

कुलपति ने बताया कि केंद्रीयकृत परीक्षा के अन्तर्गत बीबीए, एमबीए, बीसीए, बीएससी गृह विज्ञान, बीएससी एजी, एमएससी एजी, बीए एलएलबी, डीएलएड आदि कोर्स में कॉलेजों में भी प्रवेश के लिए अनिवार्य रूप से केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा का निर्णय लिया गया था। अब इन विषयों में प्रवेश के लिए कॉलेजों को छूट दे दी गई है। जो कॉलेज चाहें, वे खुद प्रवेश ले सकते हैं या विश्वविद्यालय के केंद्रीयकृत परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उनसे एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करेगा। आनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे विषय कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की वरीयता भी चुन सकेंगे। इससे कॉलेजों को भी फायदा होगा। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. विजय चहल आदि मौजूद रहे।

प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए केंद्रीयकृत परीक्षा में हिस्सा लेने की बाध्यता की गई खत्म

अनिवार्य कार्डिनेशन में दिया जाएगा विकल्प

सीडीयू के प्रशासनिक भवन स्थित कमेटी हॉल में महाविद्यालयों के प्राचार्यों की सभा बैठक कार्यवाही कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने आयोजन किया। फोटोः अमर उजाला

कॉलेज ऐसे करें केंद्रीयकृत प्रवेश में प्रतिभाग

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि जो कॉलेज स्वेच्छा से चाहें वे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। शामिल होने के लिए नियमित दो कोर्स के लिए 40 हजार रुपये, उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 20 हजार रुपये जमा करने होंगे। प्रोफेशनल कोर्सेज के दो पाठ्यक्रमों के लिए 1 लाख और उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 50 हजार रुपये शुल्क जमा करना होगा। कॉलेज 10 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

यह विज्ञान, वोएससी एजी, एलएलबी एजी, बीए एलएलबी, डीएलएड आदि कोर्स में कॉलेजों में भी प्रवेश के लिए अनिवार्य रूप से केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा का निर्णय लिया गया था। अब इन विषयों में प्रवेश के लिए कॉलेजों को छूट दे दी गई है। जो कॉलेज चाहें, वे खुद प्रवेश ले सकते हैं या विश्वविद्यालय के केंद्रीयकृत परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उनसे एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करेगा। आनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे विषय कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की वरीयता भी चुन सकेंगे। इससे कॉलेजों को भी फायदा होगा। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. विजय चहल, आदि मौजूद रहे।

वेबसाइट और पोर्टल की तकनीकी सुधार में मदद करेगी टेक्निकल टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर विश्वविद्यालय ने एचडीफसी बैंक से किया एमओयू

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और एचडीएफसी बैंक के बीच विश्वविद्यालय के उपसचिव भवन के कमेटी हाल में सहयोग की लेकर करार हुआ। यूनि विश्वविद्यालय की वेबसाइट, प्रवेश व रिक्रिट पोर्टल एचडीएफसी के तकनीकी व वित्तीय सहयोग से विकास किया गया है, इसीलए करार के बाद रिक्रुटिंग पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया को सुलभता भी कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने की।

कुलपति प्रो. टंडन ने कहा कि रिक्रुटिंग पोर्टल पर आज से आवेदन पत्र लिए जो रहाहै किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। रिक्रुटिंग पोर्टल द्वारा अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था करेगा। बैठक में उपस्थित कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, वे विकास चहल आदि मौजूद रहे।

प्रोफेसनल कोर्स के लिए एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करेगा। आनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे विषय कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा कालेज की वरीयता भी चुन सकेंगे। इससे कालेजों को भी फायदा होगा। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी व प्रो. विजय चहल आदि मौजूद रहे।

बंजर जमीन पर भी लहलहाएगा मडुआ

डीडीयू के शिक्षकों ने तीन साल शोध के बाद की 59 एनएफ-वाई जीन की खोज

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने तीन साल के शोध के बाद जलवायु परिवर्तन के दौर में पोषण व खाद्य सुरक्षा के लिए वरदान मडुआ (रागी) के नए जीन की खोज की है। मडुआ में 59 एनएफ-वाई जीन सूखा व क्षारीय भूमि में भी फसल को अनुकूल बनाएगा। यह शोध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका प्लांटा (एससीआईई/क्यू 1) और क्रॉप डिजाइन में प्रकाशित हुआ है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के आचार्य एवं अनुसंधान और विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. दिनेश यादव एवं जीन क्लोनिंग एंड एक्सप्रेशन लैब (जीसीईएल) में शोध छात्रा वर्षा रानी, वनस्पति विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. रामवंत गुप्ता, आईसीएआर वीपीकेएएस अल्मोड़ा से डॉ. डीसी जोशी, हैदराबाद विश्वविद्यालय के डॉ. एम मुथामिलारासन, बीएचयू के प्रो. राजेश सिंह एवं डॉ. विनय कुमार सिंह ने "मडुआ (रागी) के न्यूक्लियर फैक्टर-वाई (एनएफ-वाई) ट्रांसक्रिप्शन फैक्टर के जीनोम-वाइड अध्ययन" पर काम किया।

शोधकर्ताओं ने रागी में सूखे और लावन अवरोधी जीन की खोज की है। पहले, बायोइन्फरमेटिक्स तकनीकी से रागी में 59 एनएफ-वाई जीन की खोज की। फिर उन्होंने क्यूआरटी-पीसीआर द्वारा इसकी अभिव्यक्ति प्रोफाइलिंग की गई। अभिव्यक्ति प्रोफाइलिंग रागी के दो वैरायटी, पीईएस 400 और वीआर 708 में की गई थी, जो सूखा और लावन अवरोधी थी।

एक्सप्रेशन प्रोफाइलिंग से पता चला कि रागी के छह एनएफ-वाई जीन सूखा और लवणता तनाव दोनों के प्रति सहिष्णुता से जुड़े हैं। अब तक रागी के जीनोम पर हुई शोध में गोरखपुर विश्वविद्यालय से एनएफ-वाई जीन के बारे में यह पहली रिपोर्ट पेश की गई है जो सूखा और लावन सहिष्णुता को बढ़ाने के लिए संभावित उम्मीदों का खुलासा करती है।

पोषण तत्वों से भरा है मडुआ : मडुआ अनाज का उपयोग केक, ब्रेड और अन्य पेस्ट्री उत्पादों की तैयारी में आटे के रूप में किया जाता है। माल्टेड और शिशुओं के लिए लाभकारी भोजन के रूप में भी उपयोग किया जाता है।

इसके अंकुरित बीज पौष्टिक और आसानी से पचने योग्य भी होते हैं। रागी में अन्य प्रमुख अनाज की तुलना में कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन और मैंगनीज जैसे खनिजों की मात्रा अधिक होती है। इसमें गाय के दूध से तीन गुना अधिक कैल्शियम और पॉलीफेनोलिक यौगिक के सबसे समृद्ध स्रोत मिलते हैं।

मडुआ की नई वैरायटी में सूखा और क्षारीय अवरोधी जीन की है अधिकता

प्रो. दिनेश यादव, शोध छात्रा वर्षा रानी और डॉ. रामवंत गुप्ता।

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने जीनोमिक्स, बायोइन्फरमेटिक्स, न्यूट्रास्यूटिकल और प्रजनन पहलुओं जैसे विविध दृष्टिकोणों को शामिल करते हुए रागी के फसलों में अनुसंधान शुरू किया है। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (यूपीसीएआर), लखनऊ द्वारा हाल ही में 73.14 लाख रुपये की फंडिंग रागी/मंडुआ पर शोध की गुणवत्ता में काफी वृद्धि करेगी।

– प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

Inext Page - 01, 03

होली मिलन में छात्रावास में खूब उड़े रंग-गुलाल

GORAKHPUR (3 April) : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ. जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बीच खूब रंग-गुलाल उड़े. इस दौरान छात्रावासियों ने शिक्षकों को एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी. इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो.पूनम टंडन द्वारा दीप जलाकर किया. सर्वप्रथम कृष्ण वंदना हुई. इसके बाद प्रो.टंडन का स्वागत वार्डन प्रो.उषा सिंह द्वारा किया गया. समारोह ग्रुप डांस विनीता ग्रुप, वीना ग्रुप एवं सोनल ग्रुप तथा ड्रामा हर्षिता ग्रुप, सोलो डांस सौम्या तिवारी हास्य व्यंग हर्षिता ग्रुप, फगुआ गीत कीर्ति मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया. धन्यवाद ज्ञापन डा.वंदना सिंह ने किया. इस दौरान पूर्व डीन कला संकाय प्रो. नंदिता, प्रो.सुषमा पांडेय, प्रो.सुनीता मुर्मू, प्रो.दिव्या रानी सिंह, प्रो.उमा श्रीवास्तव एवं सुपरीटेंडेंट डा.वंदना सिंह और डा.जूली श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे.

डीडीयूजीयू: नए सेशन में एडमिशन के लिए आज से होगी प्रोसेस की शुरुआत

वीसी ने किया कालेजों के प्रिंसिपल के साथ मीटिंग, प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (3 April): डीडीयूजीयू में एडमिशन के लिए यह देख रहे कैंडिडेट्स के लिए गुड न्यूज है. यह 4 अप्रैल से अप्लाई कर सकते हैं. इसके लिए यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से कवायद शुरू कर दी है. सेशनसल, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में न्यू सेशन में दाखिले के लिए फार्म चार अप्रैल को शाम चार बजे से भरे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. उसके बाद अप्लीकेंट्स ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. इच्छुक अप्लीकेंट्स 11 मई तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे. इसी के साथ प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए केंद्रीयकृत परीक्षा में हिस्सा लेने की बाध्यता भी खत्म हो गई है. यह डिसीजन वीसी प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक भवन स्थित कमेटी हाल में कालेजों के प्रिंसिपल्स के साथ बैठक लिए गए. बैठक के दौरान वीसी ने सत्र 2024-25 के लिए होने वाले प्रवेश की तैयारियों को लेकर समीक्षा की. बैठक में केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा और केंद्रीयकृत काउंसलिंग पर भी विस्तृत चर्चा की गई.

कोलेजों खुद भी ले सकेंगे एडमिशन

वीसी ने बताया कि केंद्रीयकृत परीक्षा के तहत बीबीए, एमबीए, बीसीए, बीएससी गृह विज्ञान, बीएससी एजी, एमएससी एजी, बीए एलएलबी, डीएलएड आदि कोर्स में कालेजों में भी प्रवेश के लिए अनिवार्य रूप से केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा का डिसीजन लिया गया था. अब इन विषयों में प्रवेश के लिए कालेजों को छूट दे दी गई है. जो कालेज चाहें, वे खुद प्रवेश ले सकते हैं या विश्वविद्यालय के केंद्रीयकृत परीक्षा के अंतर्गत आवेदन कर सकेंगे. वीसी ने कहा कि जो कालेज संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उनसे एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करेगा. आनलाइन काउंसलिंग में पास आउट अप्लीकेंट्स को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे विषय कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा कालेज की वरीयता भी चुन सकेंगे. इससे कालेजों को भी फायदा होगा. बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी व प्रो. विजय चहल आदि मौजूद रहे.

कालेज ऐसे करें केंद्रीयकृत प्रवेश में प्रतिभाग

वीसी ने बताया कि कालेज स्वेच्छा से यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं. शामिल होने के लिए नियमित दो कोर्स के लिए 40 हजार रुपए, उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 20 हजार रुपए जमा करने होंगे. प्रोफेसनल कोर्सेज के दो पाठ्यक्रमों के लिए एक लाख और उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए 50 हजार रुपए शुल्क जमा करना होगा. कालेज 10 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं.

Rashtriya Sahara Page - 07

नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया आज से

गोरखपुर(एसएनबी)। गोरखपुर विश्वविद्यालय में में नये सत्र वर्ष 2024-25 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर समेत सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रिया गुरूवार से प्रारंभ हो जाएंगी।अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र भी आज से ही भरने शुरू हो जाएंगे साथ ही सेंट्रलाइज्ड प्रवेश परीक्षा तथा सामूहिक काउंसिलिंग की प्रक्रिया में महाविद्यालय भी स्वेच्छा से भाग ले सकेंगे।

दीदउ गोविवि

- महावि. प्राचार्यों संग कुलपति ने प्रवेश परीक्षा तैयारी की बैठक की
- आज से भरे जाएंगे ऑनलाइन आवदेन फॉर्म
- सामूहिक प्रवेश परीक्षा व काउंसिलिंग में महावि. भी ले सकेंगे भाग

बुधवार को कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने आगामी शैक्षिक सत्र 2024-25 के प्रवेश को लेकर प्राचार्यों के साथ विधिवित चर्चा की। कुलपति ने कहा कि प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन फार्म भरना कल से शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा महाविद्यालयों के प्राचार्यों से सेंट्रलाइज्ड एंट्रेंस एग्जामिनेशन तथा सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। **संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल होने को देनी होगी फीस :** कुलपति प्रो.टंडन ने बताया कि अगर महाविद्यालय विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में स्वेच्छा से सम्मिलित होना चाहते हैं तो उन्हें दो रेगुलर कोर्सेज के लिए ₹ 40000 तथा उसके अतिरिक्त प्रति कोर्स के लिए ₹ 20000 देना होगा। प्रोफेशनल कोर्सेज के दो पाठ्यक्रमों के लिए एक लाख और उसके बाद प्रत्येक कोर्स के लिए ₹ 50000 हर एक अतिरिक्त प्रोग्राम के लिए देना होगा।कुलपति ने साफ तौर पर कहा कि यह अनिवार्य प्रक्रिया नहीं है, जो महाविद्यालय चाहते हैं वह इस संयुक्त प्रवेश परीक्षा तथा संयुक्त काउंसलिंग में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं।कुलपति ने कहा कि जो भी महाविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं उनसे विश्वविद्यालय का एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित करेगा।कुलपति ने कहा कि ऑनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वह विषय, कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की वरीयता भी से सकेंगे जिससे महाविद्यालयों को भी फायदा होगा। बैठक में प्राचार्यों के साथ-साथ कुलसचिव प्रोफेसर शांतनु रस्तोगी तथा एडमिशन सेल के प्रोफेसर विजय चहल भी शामिल हुए।

Pranam Hindustan

हिन्दी दैनिक प्रणाम हिन्दुस्तान | गोरखपुर | लखनऊ, गु

ऑनलाइन आवदेन आज से प्रारंभ,शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ कुलपति ने प्रवेश परीक्षा की तैयारी की समीक्षा

प्रणाम हिन्दुस्तान/ब्यूरो प्रशांक सक्सेना

गोरखपुर।दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक भवन के कमेटी हॉल में महाविद्यालय के प्राचार्यगणों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में कुलपति ने आगामी शैक्षिक सत्र 2024 25 के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की।कुलपति ने कहा कि जो कालेज संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उनसे एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करेगा।आनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे विषय कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की वरीयता भी चुन सकेंगे।इससे कालेजों को भी फायदा होगा।

बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. विजय चहल आदि मौजूद रहे।

अलावा महाविद्यालयों के प्राचार्यों से सेंट्रलाइज्ड एंट्रेंस एग्जामिनेशन तथा सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।कुलपति ने बताया कि अगर महाविद्यालय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में स्वेक्षा से सम्मिलित होना चाहते हैं तो उन्हें दो रेगुलर कोर्सेज के लिए ?40000 तथा उसके अतिरिक्त प्रति कोर्स के लिए 20000 देना होगा। प्रोफेसनल कोर्सेज के दो पाठ्यक्रमों के लिए एक लाख तथा 750000 हर एक अतिरिक्त प्रोग्राम के लिए देना होगा।कुलपति ने साफ किया कि यह अनिवार्य नहीं होगा जो महाविद्यालय चाहते हैं वह इस संयुक्त प्रवेश परीक्षा तथा संयुक्त काउंसलिंग में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि जो भी महाविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं उनसे विश्वविद्यालय का एडमिशन सेल बैठक कर उनके महत्वपूर्ण सुझावों को प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित करेगा।कुलपति ने कहा कि ऑनलाइन काउंसलिंग में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वह विषय,कांबिनेशंस के साथ-साथ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की वरीयता भी से सकेंगे जिससे महाविद्यालयों को भी फायदा होगा।बैठक में प्राचार्यों के साथ-साथ कुलसचिव प्रोफेसर शांतनु रस्तोगी तथा ऐडमिशन सेल के प्रोफेसर विजय चहल भी शामिल हुए।

Swatantra Chetna Page - 07

इंद्रधनुष के रंगों की तरह चमकें आप : कुलपति

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर : । रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसका शीर्षक था होली रंग बरसे। इसका शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।

सर्वप्रथम कृष्ण वंदना हुई तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रोफेसर पूनम टंडन तथा का स्वागत वार्डन मैडम प्रोफेसर उषा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व डीन कला संकाय प्रोफेसर नंदिता , प्रोफेसर सुषमा पांडे प्रोफेसर सुनीता मुर्मू प्रोफेसर दिव्या रानी सिंह, प्रोफेसर उमा श्रीवास्तव एवं सुपरीटेंडेंट डॉक्टर वंदना सिंह और डॉक्टर जूली श्रीवास्तव उपस्थित रही ।

कार्यक्रम में ग्रुप डांस विनीता ग्रुप, वीना ग्रुप एवं सोनल ग्रुप तथा ड्रामा हर्षिता ग्रुप , सोलो डांस सौम्या तिवारी हास्य व्यंग हर्षिता ग्रुप, फगुआ गीत कीर्ति मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ वंदना सिंह ने किया।

महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ कुलपति ने की समीक्षा बैठक

☐ कल से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया, एवं ऑनलाइन आवदेन

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम